


# सिंधी समाज ने संघर्ष और चुनौतियों का सामना करते हुए स्वयं को पुनः स्थापित किया

भोपाल(काप्र)।

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारे देश की पहचान सिंधु घाटी सभ्यता और सिंधु नदी से जुड़ी है। प्राचीन काल में विकसित सिंधु घाटी सभ्यता आज भी पूरे देश को गौरवान्वित करती है। सम्राट दाहिर सेन का अपनी धर्म और संस्कृति को बचाने के लिए संघर्ष आज भी हमें प्रेरणा और साहस प्रदान करता है।**

भोपाल, संत हिरदाराम की पुण्य भूमि है, संत परम्परा के अनुसार हम जियो और जीने दो के सिद्धांत में विश्वास करते हुए प्राणी मात्र से प्रेम के भाव का व्यवहार में भी निवर्हन करते हैं। सिंधी समाज ने इन मूल्यों का पालन करते हुए अपने धर्म और संस्कृति की सरक्षा के लिए अपना घर-परिवार और व्यापार छोड़ा। संघर्ष और चुनौतियों का सामना करते हुए अपनी कर्मठता और आत्मविश्वास से उन्होंने स्वयं को पुनः स्थापित भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सिंधु भवन में आयोजित चेतीचांद महोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक भगवान दास सबनानी ने की। इस अवसर पर मध्यप्रदेश सिन्धु भवन ट्रस्ट के पदाधिकारी उपस्थित थे। डॉ. यादव ने कहा कि अपनी क्षमता, योग्यता और निरंतर मेहनत से सिंधी समाज ने व्यापार और उद्योग जगत में कई उपलब्धियां अर्जित की हैं। राज्य सरकार प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों और स्थानीय स्तर पर उद्यमिता के विस्तार के लिए प्रतिबद्ध है, और इस दिशा में निरंतर हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। डॉ. यादव ने सिंधी समाज के बंधुओं से प्रदेश में व्यापार और औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार की पहल करने का आव्हान करते हुए कहा कि राज्य सरकार इस दिशा में हर संभव सहयोग के लिए तत्पर है। मुख्यमंत्री से विधायक भगवानदास सबनानी ने राजा दाहिर सेन, संत कंवर दास और शहीद हेमू कालानी के प्रसंगों को शालेय स्तर पर पाठ्यक्रम में शामिल करने, प्रदेश के सिंधी समाज की बहुलता वाले शहरों में शहीद हेमू कालानी की प्रतिमा स्थापित करने, सिंधी संग्रहालय के लिए भूमि उपलब्ध कराने और सिंधी अकादमी का बजट बढ़ाने का आग्रह किया।

# मंत्री सारंग ने बिजली नगर कॉलोनी में पार्क सहित विकास कार्यों का किया भूमि-पूजन

भोपाल(काप्र)।

सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने रविवार को नरेला विधानसभा क्षेत्र के वार्ड 70, बिजली नगर कॉलोनी में पार्क निर्माण सहित विभिन्न विकास कार्यों का भूमि-पूजन किया। समारोह में श्री सारंग ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि वर्ष 2008 से पहले नरेला विधानसभा क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं का अभाव था। विगत वर्षों में नरेला ने अभूतपूर्व विकास यात्रा तय की है। आज प्रत्येक घर में नर्मदा जल की उपलब्धता, पक्की सड़कों का जाल, आदर्श ड्रेनेज सिस्टम और उच्च गुणवत्ता के थीम पार्क जैसे अनेक विकास कार्य क्षेत्रवासियों को समर्पित किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि विकास का यह सिलसिला आगे भी तेजी से जारी रहेगा। भूमि-पूजन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि, वार्डवासी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## रहवासियों ने दी आत्मीय शुभकामनाएँ और जताया आभार

श्री सारंग का बिजली नगर कॉलोनी स्थित शासकीय विद्यालय के सामने आयोजित समारोह में क्षेत्रवासियों ने भव्य स्वागत किया। विभिन्न स्वागत मंचों से पुष्पवर्षा कर और ढोल-ताशों की गूंज के बीच उनका अभिनंदन किया गया। श्री सारंग ने क्षेत्रवासियों के प्रेम एवं समर्थन के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया और कहा कि जनता का विश्वास ही उनकी प्रेरणा शक्ति है।



# संविदा कर्मचारी अधिकारी महासंघ ने किया मुख्यमंत्री का सम्मान

**भोपाल ( काप्र )।** संविदा कर्मचारियों ने रविवार को मुख्यमंत्री माननीय मोहन यादव को ज्ञापन देकर संविदा नीति में संशोधन करने तथा सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार संविदा कर्मचारियों के नियमिति करने की मांग की। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मोहन यादव ने नियमित शासकीय सेवकों के महंगाई भत्ते में 5 प्रीतिशत महंगाई भत्ता बढ़ाने की घोषणा भी की। मध्य प्रदेश संविदा कर्मचारी अधिकारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश राठौर ने आज राजपत्रित कर्मचारी संघ के प्रांतीय सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में आए मुख्यमंत्री मोहन यादव का माला पहनाकर स्वागत किया तथा साथ में 9 सूत्रीय ज्ञापन सौपकर संविदा कर्मचारियों के संबंध में चर्चा की। मुख्यमंत्री को श्री राठौर ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने अनेक राज्यों के संविदा कर्मचारियों ने जिन्होंने अपने नियमीतिकरण की लड़ाई सुप्रीम कोर्ट तक लड़ी है, आदेश जारी कर कहा है कि जिन भी संविदा कर्मचारियों ने नियमित कर्मचारियों की तरह 10 वर्ष पूरे कर लिए है उनका नियमतीकरण किया जाए। विभिन्न राज्यों के संदर्भ में दिए गए सुप्रीम कोर्ट के आदेश को मध्य प्रदेश में भी लागू किया जाए और प्रदेश के विभिन्न विभागों के संविदा कर्मचारियों जो कि वर्षों कार्य कर रहें हैं उनका नियमितीकरण किया जाए ।



# ई-केवायसी अनिवार्य, 30 अप्रैल तक जरूर कराएंः राजपूत

भोपाल(काप्र)।

**राशन लेने वाले सभी लाभार्थियों के लिए ई-केवायसी अनिवार्य कर दिया गया है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि 9 से 30 अप्रैल तक प्रदेश में ई-केवायसी प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि कोई लाभार्थी 30 अप्रैल तक अपनी ई-केवायसी पूरी नहीं कराते हैं, तो उसे मई महीने से राशन मिलने में असुविधा हो सकती है। श्री राजपूत ने कहा कि हितग्राही 30 अप्रैल तक ई-केवायसी जरूर करायें।**

श्री राजपूत ने जानकारी दी कि लाभार्थियों की सुविधा के लिए मेरा ई-केवायसी नामक मोबाइल ऐप लॉन्च किया गया है। इस ऐप के माध्यम से कोई भी लाभार्थी, चाहे वह वृद्ध, दिव्यांग या सामान्य व्यक्ति हो, घर बैठे अपनी और अपने परिजनों की ई-केवायसी कर सकता है। इसके लिए लाभार्थियों को अपने आधार नंबर और ओटीपी की आवश्यकता होगी। श्री राजपूत ने सभी राशन लाभार्थियों से अपील की है कि वे जल्द से जल्द अपनी और अपने परिवार के सभी सदस्यों की ई-केवायसी पूरी करवा लें। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया समय पर पूरी करना बहुत जरूरी है ताकि मई से राशन वितरण में रुकावट नहीं आए।

श्री राजपूत ने बताया कि राशन लेने वाले हितग्राहियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए हर जिले के गांव और वार्ड स्तर पर ई-केवायसी शिविर लगाए जा रहे हैं। इन शिविरों में पीओएस मशीन के जरिए हितग्राहियों की अंगूठा लगाकर ई-केवायसी की जा रही है। श्री राजपूत ने बताया कि यह शिविर सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत राशन वितरण की प्रक्रिया को सुचारु और पारदर्शी बनाने के लिए आयोजित किए जा रहे हैं। श्री राजपूत ने बताया कि बुजुर्गों और दिव्यांगों के लिए भी विशेष व्यवस्था की गई है। टीम घर-घर जाकर इन लोगों की ई-केवायसी कर रही है, ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़े।

# विहार कर रही जैन साध्वी को परेशान करने वाले पप्पू और नरेंद्र गिरफ्तार

भोपाल/उज्जैन(काप्र)।

**उज्जैन, जिले के उन्हेल से नागदा की और विहार कर रही जैन साध्वी और उनके साथ चल रहे लोगों को शनिवार शाम करीब 7 बजे चारपहिया वाहन सवार दो आरोपी युवकों द्वारा परेशान किये जाने की घटना प्रकाश में आई है। दोनो आरोपी अपने वाहन को साध्वी के पास आगे-पीछे करते रहे।**

साध्वी के साथ चल रहे समाज के लोगो ने जब उनका विरोध किया तब आरोपी रंगदारी दिखाते हुए वाहन से उतरे और लोगो के साथ दुर्व्यवहार करने लगे। घटना उन्हेल में साईं स्नेही ढाबे के पास हुई। आरोप है कि साध्वी को नागदा तक विहार करा रहे उमेश जैन और सुधीर जैन ने उनकी करतूतो का कड़ा विरोध किया तब आरोपियो ने उमेश जैन से दुर्व्यवहार करते हुए छीनाझपटी कर उनकी सोने की चेन छीन ली। ढाबा संचालक मनीष पोरवाल और सुधीर जैन ने तत्परता दिखा दोनों को पकड़ लिया इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुचीं टीम ने दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया। टीआइ अशोक शर्मा ने घटना के संबध में मीडिया को बताया कि आरोपियो की पहचान दौलतपुर (सोनकच्छ) निवासी पप्पू ठाकुर और नरेंद सिंह के रुप में हुई है, उनके खिलाफ मामला दर्ज कर दोनो को गिरफ्तार करते हुए उनका वहान नंबर एमपी 09 सीएच 3847 को भी जप्त किया गया है। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही समाज के लोगो में आक्रोश फैल गया और देखते ही देखते बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य लोगो ने थाने पर जमा होकर देर रात तक वहीं डटे रहकर आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। समाज के अध्यक्ष सतीश मारू ने घटना पर तीखी प्रतिक्रिया जताते हुए भविष्य में विहार कर रही साध्वियों को समुचित सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की है।

# प्रदेश में कक्षा एक से 12वीं तक 72 लाख से अधिक विद्यार्थियों का नामांकन

**भोपाल( काप्र )।** शैक्षणिक सत्र 2025-26 में अब तक कक्षा एक से 12वीं तक लगभग 72 लाख 40 हजार से अधिक विद्यार्थी निर्धारित कक्षाओं में अपना नामांकन दर्ज करवा चुके हैं। वहीं कक्षा 5 उत्तीर्ण करने वाले लगभग 5 लाख विद्यार्थी कक्षा में 6 में तथा कक्षा 8 उत्तीर्ण करने वाले करीब 4 लाख 84 हजार से अधिक विद्यार्थी कक्षा 9 में प्रवेश ले चुके हैं। कक्षा एक से 8वीं तक में लगभग 59 लाख 66 हजार से अधिक एवं कक्षा 9 से 12वीं में 12 लाख 73 हजार से अधिक विद्यार्थी अभी तक नये शैक्षणिक सत्र वर्ष 2025-26 में प्रवेश ले चुके हैं। प्रदेश में एक अप्रैल से शुरू हुए नये शैक्षणिक सत्र में अब तक लगभग एक लाख 62 हजार से अधिक बच्चों का कक्षा एक में प्रवेश हो चुका है। इनमें से लगभग एक लाख से अधिक बच्चों के अभिभावकों ने उनका प्रवेश शासकीय विद्यालयों में कराया है। शेष करीब 35 हजार बच्चे निजी विद्यालयों की कक्षा एक में प्रवेश ले चुके है। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष तक स्कूल चलें हम अभियान का संचालन जून माह में किया जाता था जिसे इस वर्ष मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में एक अप्रैल से ही संचालित किया गया है। स्कूल चलें हम अभियान के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विद्यार्थियों के नामांकन के लिए एज्युकेशन पोर्टल 3.0 का एक अप्रैल को लोकार्पण किया था। पोर्टल के माध्यम से शालाओं में कक्षावार नामांकन की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है।

# तलवार से केक काटने वाले पहुंचे सलाखों के पीछे

**भोपाल( काप्र )।** गांधीनगर थाना पुलिस ने बीते दिनों एयरपोर्ट रोड पर कार के बोनट पर तलवार से केक काटने के वायरल हुए वीडियो के आधार पर कार्यवाही करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी जुड़वा भाई हैं, वीडियो के आधार पर की उनकी पहचान ताज कालोनी शाहजहानाबाद में रहने वाले जावेद खॉन के बेटों अरशान खान (19) और अयान खान (19) के रूप में की गई है। हिरासत के दौरान की गई पूछताछ में आरोपी भाईयों ने बताया कि रात 11 बजे केक काटने की खास वजह दोनों के नाम मिलाकर 11 अक्षर बनते हैं। इसलिये रात 11 बजे ही उन्होंने खास तौर पर केक काटा था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से तलवार बरामद की है। इनमें एक प्लास्टिक की नकली तलवार है। पुलिस के मुताबिक बीती 22-23 अप्रैल को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें एयरपोर्ट रोड पर कारे खडी कर 6-7 लडके तलवार से केक काटकर आतिशबाजी करते दिख रहे थे। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस ने संज्ञान लेते हुए जांच की। जांच में पता चला कि 20 अप्रैल की रात करीब 12.15 बजे एयरपोर्ट ब्रिज पर कारों से आये हुए लडकों ने अपनी कारों को रोड पर खडी कर एक कार की बोनट पर 11 केक रखकर तलवार से केक काटे कारों पर आतिशबाजियां की गईं। युवकों की हरकत से वहॉ से गुजरने वाले अन्य वाहन चलाकों के लिये जहॉ खतरनाक हो सकती थी, वहीं कारो को रोड पर खड़ा कर यातायात बाधित किया गया था। पुलिस ने अज्ञात युवको के खिलाफ बीएनएस की धारा 270,125,285,3(5) के तहत मामला कायम किया था। दोनो आरोपी जुडवा भाईयो ने बताया की जन्म दिन होने पर उनके दोस्त उन्हें बुलाकर अपने साथ ले गये थे। वह सभी कार से एयरपोर्ट ब्रिज पर पहुंचे और 11 केक कार के बोनट पर रखकर तलवार से काटे और कारों पर अतिशबाजी की। पुलिस ने आरोपी अरशान के कब्जे से केक काटने वाली तलवार सहित कार भी जप्त की है।



# हलाली डेम में छोड़े गए 6 गिद्धों में से 3 की मौत

भोपाल (काप्र)।

भोपाल के हलाली डेम क्षेत्र में गिद्ध संवर्धन एवं प्रजनन केंद्र केरवा से छोड़े गए छह गिद्धों में से तीन की मौत हो गई है। वन विभाग ने शेष तीन गिद्धों को वापस सेंटर में भेज दिया है। गिद्ध संवर्धन एवं प्रजनन केंद्र केरवा से छह गिद्धों को उनके प्राकृतिक आवास में छोडने की पहल की गई थी। इनमें दो सफेद पीठ वाले और चार लंबी चोंच वाले गिद्ध शामिल थे। इन गिद्धों का प्रजनन केरवा केंद्र में हुआ था। इनको छोडने के बाद, वन विभाग ने इन गिद्धों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए जीपीएस ट्रैकिंग डिवाइस लगाए थे। वन विभाग के अनुसार एक गिद्ध की मौत जंगली जानवरों के हमले से हुई, जबकि अन्य दो की मौत भूख या अन्य कारणों से हुई। वर्तमान में, केरवा केंद्र में सफेद पीठ वाले 34 और लंबी चोंच वाले 46 गिद्ध हैं। वन विभाग और केंद्र के विशेषज्ञ इन गिद्धों की सुरक्षा और संरक्षण के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। भोपाल स्थित केरवा गिद्ध संरक्षण एवं प्रजनन केंद्र की स्थापना वर्ष 2014 में की गई थी।

# ग्लैमर ग्रुप की पूल पार्टी में बारिश के गानों के साथ रेन डांस



**भोपाल( काप्र )।** शहर में गर्मी अपने पूरे शबाब पर है। शहर वासी ठंडे माहौल की तलाश में हैं। ऐसे समय शहर के एक्टिव लेडीज़ ग्रुप ग्लैमर ग्रुप की सखी - सहेलियों ने पूल पार्टी के साथ टाइम स्पेंड किया। टिप टिप बरसा पानी..., बारिश के गानों के साथ गोवा थीम पर कैटवॉक कर गेम खेले। ग्रुप की प्रमुख निशिता सिंह ने बताया सभी मेंबर्स पूल ड्रेस में थी। होस्ट पलक मालवीय ने सभी मेंबर्स का वेलकम कर गिफ्ट दिए। ग्रुप की प्रमुख निशिता सिंह, तोशिबा, कोहली खरे, पलक मालवीय, अनामिका शर्मा, मोनिका यादव, वंशिका तलरेजा, अमिता श्रीवास्तव, माही नरायणी, प्रतिभा यादव, आराधना श्रीवास्तव, अंशु, पलक आहूजा, गरिमा, चंद्रिका, आरती साहू, रेणु यादव सहित अनेक सखी सहेलियां मौजूद थी।


**कार्यालय थाना प्रभारी थाना तलैया, जिला-भोपाल**

क्रमांक/थाप्र./तलैया./मर्ग क्र. 10/25 दिनाँक 24/04/25

**जाहिर सूचना**

थाना तलैया के मर्ग क्र 10/25 मृतक अज्ञात उम्र करीब 50 साल निवासी अज्ञात की की तलाश हेतु जाहिर सूचना का प्रकाशन समाचार पत्रो मे किया जाना है। **मृतक व्यक्ति का हुलिया**-परुष उम्र करीब 50 वर्ष निवासी अज्ञात जिसका कद करीबन 5 फिट 5 इंच, रंग साबला सिर के बाल सफेद छोटे है चहरे पर दाढी सफेद है। शरीर सामान्य है थाना प्रभारी तलैया के मो. 9479990560 0755-2677364-24433230 एवं जाचकर्ता 9981896662 है तो तत्काल संपर्क करें ।



G-12071/25

**थाना प्रभारी, थाना तलैया भोपाल**



**पश्चिम रेलवे - रतलाम**

**दूरसंचार सामग्री की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण, कमीशनिंग**

**निविदा संख्या** : SandT-RTM-25-Tele-02, दिनांक : 24/04/2025, निम्न कार्य के लिए मंडल रेल प्रबंधक (एसएंडटी) पश्चिम रेलवे रतलाम, के लिय ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम** : निम्नलिखित के संबंध में दूरसंचार सामग्री की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण, कमीशनिंग- ''नागदा-भोपाल, उज्जैन-इंदौर, चित्तौड़गढ़-रतलाम-खंडवा खंड मीडिया ऑटो चेंजओवर का उपयोग करके यूएफएसबीआई और बीपीएसी के लिए एंड-टू-एंड डार्क फाइबर कनेक्टिविटी के प्रावधान बावत।'' **कार्य की अनुमानित लागत** : ₹1,52,04,278.59/-, (एक करोड़ बावन लाख चार हजार दो सौ अट्ठत्तर रूपये एवं उनसठ पैसा) **निविदा फार्म का मूल्य** : शून्य। **बयाना राशि** : ₹2,26,000/-, **कार्य पूरा करने की अवधि** : 6 महीने। **ई-निविदा जमा करने के लिये बंद करने का समय एवं दिनांक** : दिनांक 19/05/2025 समय 15:00 बजे तक। **ई-निविदा खुलने का समय एवं दिनांक** : दिनांक 19/05/2025 समय 15:30 बजे के बाद। **वैधता** : निविदा खुलने की दिनांक से 60 दिन। यह टेंडर https//www.ireps.gov.in वेबसाईट पर देखा जा सकता है। निविदाकार के पास Class -III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होने चाहिए और IREPS Portal पर पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकार ही e-tendering में भाग ले सकते है। सभी संबंधित दस्तावेज e-tendering में भाग लेने के समय अपलोड करने होंगे। **मंडल रेल प्रबंधक (संकेत व दूरसंचार)**

SNP-10 **पश्चिम रेलवे, रतलाम**

हमें फॉलो करें : x.com/WesternRly



**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार वण्डर हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड भोपाल के दिशा व निर्देशानुसार श्रीमति लीला बाई पत्नि श्री जमना प्रसाद द्वारा एक किता भूखंड क्र. 133 डी, जिसका कुल क्षेत्रफल 536 वर्ग फीट, जो खसरा क्रमांक 25/1/3/3/1, स्थित प्रेस कॉलोनी (शासकीय मूद्रण कर्मचारी आवास समिति मर्यादित) ग्राम हथाईखेडा तहसील हुजूर, जिला भोपाल, उनके (म.प्र.), जिसकी चतुर्थ सीमाए, पूर्व-में रोड 10 फीट, पश्चिम में-अन्य की संपत्ति, उत्तर में-भूखंड क्र. 133-अ, दक्षिण में अन्य की संपत्ति, को क्रय हेतु श्री रामचंद्र पाटीदार आत्मज स्व. श्री गंगाराम पाटीदार के साथ दिनांक 24.03.2025 को अनुबंध किया गया। यह कि उक्त भूखंड स्व. श्रीमति सुमन पाटीदार पत्नि स्व. श्री गंगाराम पाटीदार के स्वामित्व में थी। सुमन पाटीदार का निधन दिनांक 15.04.2023 को तथा श्री गंगाराम पाटीदार का निधन दिनांक 26.04.2004 को हो चुका है। उक्त भूखंड के उत्तराधिकार के संम्बंध मे श्री रामचंद्र पाटीदार आत्मज स्व. श्री गंगाराम पाटीदार द्वारा नामांतरण हेतु न्यायालय तहसीलदार, नजूल पत्र गोविंदपुरा भोपाल में प्रस्तुत प्रकरण क्रमांक 4815/अ-6/2024-25, में दिनांक 23.01.2025 को नामांतरण स्वीकृत किया गया है। अतः उक्त भूखंड श्रीमति लीला बाई पत्नि श्री जमना प्रसाद के पक्ष में श्री रामचंद्र पाटीदार आत्मज स्व. श्री गंगाराम पाटीदार द्वारा सबरजिस्टरार कार्यालय भोपाल में हस्तांतरण करवाकर उक्त भूखंड पर श्रीमति लीला बाई पत्नि श्री जमना प्रसाद के पक्ष में वण्डर हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड भोपाल द्वारा स्वीकृति लोन के लिये उक्त भूखंड को बंधक रखा जा रहा है। अत; उक्त संपत्ति के संबंध से किसी भी व्यक्ति, शासकीय अर्धशासकीय संस्था, विभाग, बैंक या संस्था, सोसायटी, किसी भी कार्यालय का कोई हित हो या किसी भी व्यक्ति को किसी भी तरह की कोई आपत्ति हो तो आगामी 7 दिवस में मेरे कार्यालय या मेरे मोबाईल पर संपर्क कर लिखित दस्तावेज में प्रस्तुत करें। उक्त समयावधि पश्चात प्रस्तुत किसी भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी ।

**ANAMIKA NATH, ADVOCATE**
**Office Cum Resi. H. No. 29, Satakashi Garden, Khajuri Kalan Road, Piplani, Bhopal**
**M. No. 9039026897**

284